# एनटीपीसी लिमिटेड

एनटीपीसी NTPC

(भारत सरकार का उद्यम)

पंजीकृत कार्यालयः एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लैक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नई दिल्ली–110003, वेबसाइट www.ntpc.co.in

## विज्ञापन संख्या 13/24

एनटीपीसी लिमिटेड 76,443 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी है और ऊर्जा उत्पादन व्यवसाय की पूरी मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति रखती है। हमारे देश के विकास की चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 130 गीगावाट की सकल स्थापित क्षमता हासिल करने की महत्वाकांक्षी योजना निरूपित की है।

एनटीपीसी को नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार **नियमित अवधि (fixed term) अधार पर जूनियर एग्जीक्यूटिव** की आवश्यकता हैः

**पद का नाम : जूनियर एग्जीक्यूटिव (बायोमास) – 50 पद**

**नियुक्ति की अवधिः** 01 वर्ष (कार्यप्रदर्शन और आवश्यकता के अनुसार आगे बढ़ाया जा सकता है)।

**योग्यताः** मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्थान से कृषि विज्ञान में बी.एससी.।

**जॉब प्रोफाइलः** किसानों और जनता के बीच बायोमास के बारे में जागरूकता फैलाने के साथ–साथ अपशिष्ट और बायोमास के प्रबंधन, उपयोग और वैकल्पिक उपयोग को सुनिश्चित करना आदि।

**पारिश्रमिकः** मासिक समेकित राशि रु. 40,000/– इसके अलावा, कंपनी आवास/एचआरए, स्वयं, पति/पत्नी, दो बच्चों तथा आश्रित माता–पिता के लिए चिकित्सा सुविधा।

**पद के लिए ऊपरी आयु सीमाः 27 वर्ष**

### आरक्षणः

| पद का नाम | सामान्य | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी | एससी | एसटी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जूनियर एग्जीक्यूटिव (बायोमास) | 22 | 5 | 13 | 7 | 3 | 50 |

एनटीपीसी प्रबंधन के विवेकानुसार उपरोक्त वर्णित अनुमानित रिक्तियों की कुल संख्या में वृद्धि/कमी की जा सकती है। पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षण सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार है।

चिन्हित की गई दिव्यांगताः **क) बी, एलवी, ख) डी, एचएच, ग) ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, घ) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई, ङ) एमडी जिसमें उपरोक्त (क) से (घ) शामिल है।**

### स्वास्थ्य

उम्मीदवार का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। पदभार संभालने से पहले, उम्मीदवारों को एनटीपीसी के किसी भी अस्पताल में चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा और निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी प्रकार की छूट की अनुमति नहीं है। विस्तृत चिकित्सा मानदंड वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर उपलब्ध हैं।

### सामान्य शर्तेंः

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए। शैक्षिणिक योग्यता के संदर्भ में आवेदन करने के लिए उम्मीदवार के पास स्नातक डिग्री में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त होने चाहिए। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार केवल उत्तीर्ण अंक के साथ पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।
3. आयु/योग्यता की सभी संगणनाएं विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से प्रभावी होंगी।
4. किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों के पास सक्षम प्राधिकार से वैध ईडब्ल्यूएस/ओबीसी/एससी/एसटी/दिव्यांगता प्रमाणपत्र, जैसा भी मामला हो, होना आवश्यक है। जहां ऐसी श्रेणी के लिए रिक्तियां चिन्हित हैं वहां पर ऊपरी आयु सीमा में एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष, ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष की छूट है। भूतपूर्व सैनिकों को सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।
5. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए यदि आवश्यक हुआ तो प्रबंधन ऑनलाइन स्क्रीनिंग/शॉर्टलिस्टिंग/चयन परीक्षा आयोजित करने या आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानकों/मानदंडों को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
6. आवश्यकता के आधार पर, यदि आवश्यकता पड़ी तो कंपनी बिना किसी नोटिस के और बिना कोई कारण बताए रिक्तियों की संख्या को रद्द/प्रतिबंधित/कटौती/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
7. संगठनात्मक आवश्यकता के अनुसार विभिन्न एनटीपीसी स्टेशनों/परियोजनाओं/जेवी/सहायक कंपनियों/कार्यालयों में फील्ड कार्य में नियुक्ति की जाएगी। सभी पद प्रबंधन के विवेक पर स्थानांतरणीय हैं।
8. पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह ऊपर वर्णित पात्रता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार पूरा करता है/करती है और यह कि प्रस्तुत विवरण हर तरह से सही है। यदि भर्ती के किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य(यों) को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः अमान्य हो जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त में से कोई कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी नोटिस के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी रूप में पक्ष–प्रचार करने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
9. केवल यह तथ्य कि एक उम्मीदवार ने विज्ञापन के समक्ष आवेदन जमा किया है और स्पष्ट रूप से विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को पूरा करता है, उसे साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने/चयन प्रक्रिया के लिए आगे विचार करने का अधिकार नहीं प्रदान करता ।
10. इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले के संबंध में कोई भी कार्यवाही और/या इसके जवाब में आवेदन केवल दिल्ली में ही स्थापित किया जा सकता है और केवल दिल्ली में अदालतों/न्यायाधिकरणों/मंचों के पास ऐसा कारण/विवाद के संबंध में किसी भी कानूनी कार्यवाही के लिए एकमात्र और विशेष अधिकार क्षेत्र होगा।
11. अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

### आवेदन कैसे करें

इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर लॉग ऑन करें या **www.ntpc.co.in** के करियर सेक्शन में जाएं। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों के पास एक वैध ईमेल आईडी होना आवश्यक है। उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ईमेल के बाउंस बैक के लिए एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा। सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार को रु. 300/– के गैर–वापसी योग्य आवेदन शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/भू पू सै श्रेणी और महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।

**ऑफलाइन माध्यम से भुगतानः** भारतीय स्टेट बैंक को एनटीपीसी की ओर से सीएजी शाखा, नई दिल्ली (कोडः 09996) में विशेष रूप से खोले गए खाते (**खाता संख्या 30987919993**) में आवेदन शुल्क जमा करने के लिए अधिकृत किया गया है। उम्मीदवार को आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध ''पे–इन–स्लिप'' के प्रिंटआउट के साथ नजदीकी एसबीआई शाखा से संपर्क करना होगा। पोर्टल से मुद्रित पे–इन–स्लिप का उपयोग केवल आवंटित खाते में राशि के उचित क्रेडिट के लिए शुल्क जमा करने के लिए किया जाना चाहिए। धन प्राप्त होने पर, बैंक एक विशेष जर्नल नंबर और धन एकत्र करने वाले बैंक का एक शाखा कोड जारी करेगा। यह जर्नल नंबर और शाखा कोड उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन के दौरान भरे जाने हैं। उम्मीदवार द्वारा गलत खाते में शुल्क जमा करने की स्थिति में एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

**ऑनलाइन माध्यम से भुगतानः** उम्मीदवारों के पास शुल्क का भुगतान ऑनलाइन (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) करने का विकल्प भी है। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध होगा।

**एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता मानदंड को सत्यापित कर लें।** ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उम्मीदवार को सिस्टम द्वारा जेनरेट आवेदन पर्ची को विशेष आवेदन संख्या के साथ डाउनलोड करना आवश्यक है। उम्मीदवार द्वारा भविष्य में संदर्भ के लिए आवेदन पर्ची की प्रति अपने पास रखी जा सकती है। डाक द्वारा हमें कोई दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नहीं है।

यह अनिवार्य है कि पद के लिए आवेदन करते समय पात्र उम्मीदवार विज्ञापन का पूरा पाठ पढ़ें और दी गई सभी शर्तों से सहमत हों। कोई भी संवर्धन/शुद्धिपत्र/अपडेट केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथिः 14.10.2024**

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथिः 28.10.2024**

**विद्युत क्षेत्र में अग्रणी**